कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर

(Phone: 05642-294300 Help Line, E-mail- dlsa13dholpur.com)

क्रमांक :– 3044 दिनांक :– 01-06-2026

–:विज्ञप्तिः–

माननीय रालसा के पत्रांक एफ4(249)/रालसा/मध्यस्थता/नारी संवाद/2026/12218–12261 दिनांक 12.5.2026 के तहत **2nd Phase of Communit Mediation: Towards a Litigation&Free Rural Infia** कार्यक्रम के संबंध मे दिशा–निर्देश जारी किये गये है। उक्त कार्यक्रम का उददेश्य ग्राम स्तर पर सामुदायिक मध्यस्थता को प्रोत्साहित करते हुए विवादों का सौहार्दपूर्ण एवं प्रारम्भिक समाधान सुनिश्चित करना तथा अनावश्यक वाद–विवाद एवं मुकदमेबाजी को कम करना है। अतः अभियान के लिए प्राप्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर अस्थाई रूप से **महिला पंचायत सदस्य** के पदों पर आवेदन आमंत्रित करता है। पदो का विवरण व सेवा शर्ते बिदुबार निम्नानुसार है।

01. पद का नामः– महिला पंचायत सदस्य ।

02. पदों का विवरणः–

कम संख्या	ग्राम पंचायत व संबंधित पंचायत समिति	कुल पद
01	ग्राम पंचायत करीमपुर व (सैपऊ, पंचायत समिति),	15
02	पुरैनी (सैपऊ,पंचायत समिति),	15
03	ग्राम जाटौली, धौलपुर पंचायत समिति	15
04	ग्राम बिजौली, बाड़ी पंचायत समिति	15
05	ग्राम पिपरेठ, सरमथुरा पंचायत समिति	15

03. पदों की कार्यावधि:– कार्यकाल गठन की तिथि से 01 (12 माह) वर्ष या माननीय रालसा के आदेशानुसार।

नोट 01 :– यदि कोई सदस्य त्यागपत्र देती है या सेवा जारी रखने में असमर्थ होती है तो डीएलएसए आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची/नवीन नामांकन से सदस्य शामिल कर संख्या बनाए रख सकता है।

04. आवेदन के लिए योग्यताः– संबंधित ग्राम पंचायत की सम्मानित निष्पक्ष प्रतिष्ठित महिलांए/महिला सरपंच/पूर्व पंच, महिला स्व सहायता समूहों की नेता लीडर्स, आगंनवाडी/आशा कार्यकर्ता, अनुभवी पीएलवी, महिला अधिवक्ता/शिक्षिकाएं, सेवानिवृत्त महिला सरकारी अधिकारी, तथा महिला पुलिस कर्मी विशेषकर समुदाय–आउटरीच से जुडी हुई महिलाओं को प्राथमिकता दी जावेगी।

05. आवेदन कहॉं करें:– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर व तालुका विधिक सेवा समिति (न्यायालय परिसर) बाड़ी।

06. आवेदन कब से कब तकः– 01.06.2026 से 15.06.2026 (सोमवार) तक।

07. सदस्यों का चयनः– सदस्यों का चयन एक चयन समिति के माध्यम से किया जावेगा। चयन समिति में 03 सदस्य कमशः सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बाड़ी, व एक अन्य न्यायिक अधिकारी होगें। समिति की अनुशंषा तथा प्राप्त आवेदनों के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से सदस्यों का चयन किया जा सकता है।

08. प्रारम्भिक मध्यस्थता प्रशिक्षणः– महिला पंचायत के सभी सदस्यों को मानकीकृत मध्यस्थता प्रशिक्षण से गुजरना होगा, जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा अनुमोदित

पठ्यक्रम पर आधारित होगा और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बनाया जायेगा। इस प्रशिक्षण में सामान्यतः संचार एवं श्रवण कौशल, वार्ता तकनीकें, मध्यस्थता के चरण, गोपनीयता एवं नैतिकता, तथा रोल–प्ले शामिल होंगे। क्योंकि अनेक सदस्य प्रथम बार मध्यस्थ बन रही होंगी, यह गहन प्रशिक्षण उन्हें संवाद–सुविधाकरण एवं निष्पक्ष रूप से संघर्ष प्रबंधन के आवश्यक कौशल प्रदान करेगा।

शर्तेः–

1. उक्त पदों पर चयन हेतु प्रत्येक सदस्य को लिखित रूप में गोपनीयता, तटस्थता, स्वैच्छिक सहभागिता एवं निष्पक्षता का पालन हेतु शपथ पत्र आवेदन के साथ देना होगा।
2. यदि कोई मध्यस्थ नैतिकता का उल्लंघन करती है या प्रदर्शन असंतोषजनक है तो डीएलएसए द्वारा कार्यक्रम की निष्पक्षता बनाए रखने हेतु उसे पैनल से हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

अतः सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित शर्तों पर सेवाएं देने वाले इच्छुक महिला पंचायत सदस्य **दिनांक 15.06.2026 सोमवार को कार्यालय समय दोपहर 01.00 बजे तक** इस कार्यालय/तालुका बाड़ी में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न किये जाने आवश्यक हैः–

- आधार कार्ड प्रति
- गोपनीयता व स्वैच्छिक सहभागिता हेतु शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न है)

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
धौलपुर (राज0)

क्रमांकः– 3045–51 **दिनांकः–** 01–06–2026

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर।
2. श्रीमान अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर।
3. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, तालुका विधिक सेवा समिति बाड़ी।
4. श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, धौलपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उपरोक्त विज्ञप्ति को संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का श्रम करें।
5. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, धौलपुर को कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।
6. नोटिस बोर्ड, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर।
7. आदेश संबंधित पत्रावली।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
धौलपुर (राज0)

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर

:—महिला पंचायत सदस्य हेतु आवेदन पत्र प्रारूपः—

Photo

1 सदस्य का नामः— : ....

2 पिता/पति का नामः— : ....

3 जन्म तिथिः— : ....

4 जिला/तहसील/गांव :— : ....

5 पूर्ण पता/कार्यस्थल का पताः— : ....

6 योग्यतांः— : ....

7 मूल विभाग का नामः— : ....

8 धारित पद का विवरणः— : ....

9 मोबाईल नम्बर/व्हाट्सअप नम्बरः : ....

10 अतिरिक्त मोबाईल नम्बरः— : ....

शपथ पत्र

यह शपथपूर्वक घोषित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति की सभी शर्तो को मेरे द्वारा सावधानीपूर्वक पढ़ लिया गया है। मैं सुश्री/श्रीमती..पुत्री/पत्नी.............................मोबाईल नम्बर.......................जिला...................तहसील.......................गांव..........................की निवासी हुॅं। यह घोषणा करती हु की महिला पंचायत सदस्य के लिय मैं स्वैच्छा से सहभागिता हेतु आवेदन कर रहीं हु। भविष्य में मेरे लिये तय की गई इस पद की जिम्मेदारियों का निर्वाहण पूर्ण निष्ठा, गोपनीयता व तटस्थता के साथ करूंगी।

प्रार्थी के हस्ताक्षर